
# विशेषण

## विशेषण की परिभाषा

विशेषण वे शब्द हैं जो किसी संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते हैं। ये शब्द किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान या भावना के बारे में अधिक जानकारी देते हैं।



**मधुमक्खियों के छत्ते में बहुत मीठा शहद है |**



सुंदर और मीठा दोनों शब्दों संज्ञा बारे में कुछ विशेष बता रहे है ?

राहुल बहुत सुंदर चित्रकारी करता है |

**वाक्य में विशेषण को कैसे पहचाने ?**

- संज्ञा या सर्वनाम ढूंढें: सबसे पहले वाक्य में संज्ञा या सर्वनाम ढूंढें।
- पूछें कि कौन-सा, कैसा या कितना: संज्ञा या सर्वनाम के बारे में पूछिए कि कौन-सा, कैसा या कितना। जो शब्द इस सवाल का जवाब दे, वह विशेषण होगा।

**उदाहरण के लिए:**

- **लाल गेंद: यहां "लाल" शब्द गेंद की विशेषता बता रहा है।**
- **तीन किताबें: यहां "तीन" शब्द किताबों की संख्या बता रहा है।**
- **खुश बच्चा: यहां "खुश" शब्द बच्चे की भावना बता रहा है।**


बड़ा पेड़, सुंदर फूल, काली बिल्ली, नया घर, बहुत मीठा फल


**विशेष्य की परिभाषा :**
**विशेषण जिस संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताता है उसे विशेष्य कहते है |**





| विशेषण | विशेष्य |
|---|---|
| ठंडी | आइसक्रीम |
| अनेक | टारे |
| एक किलो | मिठाई |
| लम्बे | रेलगाड़ी |
| गोल | लड्डू |





जानिए :
लिंग और वचन के आधार पर विशेषण शब्दों के रूप बदल जाते है |
जैसे - अच्छा लड़का, अच्छी लड़की, अच्छे लड़के

© www.WorksheetSeva.com